## तीन दिवसीय स्थापना महोत्सव का हुआ आयोजन, विशाल भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा।** ग्राम बी जमानी में नव निर्मित खेड़ापति माता मंदिर में मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय स्थापना महोत्सव का आयोजन किया गया। धार्मिक वातावरण में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं माता रानी की स्थापना की गई। महोत्सव के तीसरे दिन विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। आयोजन स्थल पर भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।कल्लू रघुवंशी ने बताया कि मंदिर निर्माण एवं स्थापना महोत्सव में ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने खिलचीपुर जीरापुर जनपद पंचायत का औचक निरीक्षण किया

### » सभी अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए

**यशवंत मेवाडे**
**पीपुल्स प्रवक्ता, खिलचीपुर।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा शुक्रवार को जनपद पंचायत खिलचीपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयीन व्यवस्था, कर्मचारियों की उपस्थिति एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कार्यालय से 05 अधिकारी/कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जिनमें सलीम मोहम्मद सहायक लेखाधिकारी, रामस्वरूप जुझारिया ब्लॉक समन्वयक एसबीएम , श्रीमती सीमा गुर्जर ब्लॉक समन्वयक आर जी एम, श्रीमती पवित्रा दांगी डाटा एंट्री ऑपरेटर आरजीएम तथा एस.के. जाटव लेखापाल शामिल हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अनुपस्थित कर्मचारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों का एक-एक दिवस का वेतन काटे जाने एवं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।





साथ ही निरीक्षण के दौरान संबल पंजीयन कार्यों की समीक्षा भी की गई। समीक्षा में पाया गया कि जांच पूर्ण होने के बावजूद आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में कई आवेदन लंबित हैं। ग्राम पंचायत स्तर से ऑनलाइन आवेदन किए जाने के उपरांत दस्तावेज समय पर जनपद पंचायत में प्रस्तुत नहीं किए जाने पर राधेश्याम दांगी सचिव ग्राम पंचायत चांदपुरा एवं कृष्णपाल सिंह खींची सचिव ग्राम पंचायत बाजरौन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

जनपद पंचायत कार्यालय में उपस्थित पेंशन हितग्राही गोपाल पिता घीसालाल निवासी ग्राम मोयाखेड़ा की समस्या का तत्काल निराकरण करते हुए समक्ष में ही पेंशन पोर्टल पर नवीन बैंक खाते का परिवर्तन कराया गया। वहीं ग्राम पंचायत बरखेड़ा निवासी आवेदक महेश शर्मा के समग्र पोर्टल पर माता-पिता के नाम संशोधन हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए गए। इसके उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा जनपद पंचायत जीरापुर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री राजकुमार खींची के फील्ड निरीक्षण पर नहीं जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की योजनाओं का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

## नपाध्यक्ष और सीएमओ ने की जनसुनवाई पेंशन स्वीकृत होने पर खुश हुई दिव्यांग महिला, पेयजल समस्या का समाधान कराने इंजीनियर और ठेकेदार को किया तलब

**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।** प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में लगातार नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा करीब 15 से अधिक आवेदनों पर सुनवाई की गई। जिसमें अधिकांश आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई की साथ ही जांच योग्य आवेदनों को संबंधित शाखा प्रभारी को दिए गए। पेंशन स्वीकृत होने पर वार्ड 16 की दिव्यांग महिला खुशी - खुशी घर लौटी।



कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर लगातार जनसुनवाई की शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार करीब 15 से अधिक समस्याएं आई। जिसमें मृत्यु सर्टिफिकेट, दिव्यांग पेंशन, पीएम आवास हेतु आवेदन, पेयजल संबंधी, नाली निर्माण आदि के आवेदन आए। जिसमें से अधिकांश आवेदनों का तत्काल ही निराकरण कर दिया गया। जांच योग्य आवेदनों को संबंधित शाखा को भेजकर जल्द से जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान पार्षदगण, पार्षदप्रतिनिधिगण, एल्डरमेन, उपयंत्री आयुषी रिछारिया, दीक्षा तिवारी, रीना गुप्ता सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पेंशन चालू होने पर खुशी से छलके आंसू :-** वार्ड नंबर 16 की दिव्यांग महिला देवकी यादव द्वारा पहले आवेदन दिया गया था। लेकिन उसे पता नहीं था कि उसकी दिव्यांग पेंशन चालू हो गई है। गुरुवार की जनसुनवाई में वह दिव्यांग पेंशन के लिए आवेदन लेकर आई तो उसकी जांच कराई गई। तब पता चला कि उसकी पेंशन चालू हो गई। यह जानकारी लगते ही देवकी यादव के खुशी से आंसू छलक पड़े और उन्होंने नपाध्यक्ष एवं सीएमओ को धन्यवाद दिया।

**पेयजल समस्या को लेकर ठेकेदार तलब :-** जनसुनवाई में वार्ड 31 के पार्षद नरेंद्र पटेल द्वारा पेयजल समस्या के समाधान के लिए पाइप लाइन बिछाने का आवेदन दिया था, पाइप लाइन स्वीकृत भी हो चुकी थी। गुरुवार को जनसुनवाई के दौरान पार्षद श्री पटेल द्वारा अपनी बात रखी गई जिस पर तत्काल प्रभाव से नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं सीएमओ श्रीमती पटले द्वारा ठेकेदार और इंजीनियर को तलब किया गया और उनसे सवाल किए। ठेकेदार ने बताया कि लेबर की कमी के चलते काम में देरी हुई। ठेकेदार ने आश्वासन दिया है कि वार्ड 31 में पेयजल सप्लाई की पाइप लाइन जल्द से जल्द डालकर पेयजल सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

**त्वरित हुई कार्रवाई :-** जनसुनवाई के मृत्यु सार्टिफिकेट, दिव्यांग पेंशन, वार्ड 30 की पीएम आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत, पेयजल समस्या का समाधान, वार्ड 07 में एक बेटी के विवाह के बाद उसका नाम राशन कार्ड से समर्पित, संपत्ति कर निर्धारण के लिए आवेदन को राजस्व शाखा भेजकर निर्देशित किया गया।

## सखी मंच की बहनों ने विधायक प्रेमशंकर वर्मा को जनसमस्याओं से कराया अवगत

**पीपुल्स प्रवक्ता सिवनी मालवा।** नगर में सखी मंच की बहनों द्वारा विभिन्न जनसमस्याओं एवं सामाजिक विषयों को लेकर विधायक प्रेमशंकर वर्मा से मुलाकात कर चर्चा की गई। इस दौरान क्षेत्र की महिलाओं, परिवारों एवं समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा उनके शीघ्र समाधान के लिए सकारात्मक सुझाव भी प्रस्तुत किए गए।



बैठक में महिलाओं ने क्षेत्र की समस्याओं, सामाजिक सरोकारों और जनहित से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया। विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने सभी की बात गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति शैलेंद्र गौर, पार्षद श्रीमती सरिता अग्रवाल, सखी मंच अध्यक्ष श्रीमती उषा अग्रवाल, श्रीमती शिखा तालमपुरिया सहित अन्य सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाज एवं क्षेत्र के विकास में महिलाओं की सहभागिता सदैव महत्वपूर्ण रही है। सामाजिक सरोकारों एवं जनहित के विषयों को लेकर सखी मंच द्वारा किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है और इससे समाज में सकारात्मक संदेश पहुंच रहा है।

## नगरपालिका परिसर में नेशनल लोक अदालत 9 मई को, अपना बकाया टैक्स जमा कर, छूट का लाभ उठाया

**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।** नगरपालिका परिसर में 9 मई शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नागरिक अपने समस्त प्रकार के बकाया करों का एकमुश्त भुगतान कर नेशनल लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ ले सकेंगे। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगरपालिका परिसर कार्यालय में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियां जोरों पर चल रही है। वाहनों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं सीएमओ श्रीमती पटले द्वारा नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे अपने समस्त प्रकार के बकाया करों का भुगतान कर नेशनल लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ लें।




उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि आपके द्वारा जमा किए गए करों के माध्यम से ही नगर विकास संभव हो पाता है। इसलिए नेशनल लोक अदालत का लाभ लें और अधिभार में छूट पाएं।

## जन शिक्षा केंद्र जमानी में समर कैम्प का समापन हुआ

**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।** 'नीर पखेरू योजना से उड़ी नई उड़ान' आदिवासी विकास खंड केसला क़े जन शिक्षा केंद्र जमानी समर कैंप में बच्चों ने गढ़े पक्षी मित्र, डीपीसी राजेश जायसवाल के समर कैम्प ने दी पर्यावरणीय प्रेरणा' आदिवासी बहुल विकास खंड केसला जन शिक्षा केंद्र जमानी जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम के डीपीसी डॉ. राजेश जायसवाल के अभिनव नवाचारों के तहत द्र्ह्यद्म जमानी में ग्रीष्म अवकाश के दौरान सात दिवसीय समर कैंप का सफल आयोजन किया गया। कैंप का मुख्य उद्देश्य 8-14 वर्ष के बच्चों को रचनात्मक, शारीरिक और पर्यावरणीय गतिविधियों से जोड़ना तथा शिक्षकों को सामुदायिक योगदान के लिए प्रेरित करना रहा। कैंप का शुभारंभ आदरणीय कलेक्टर महोदय की 'नीर पखेरू' योजना से हुआ, जिसमें बच्चों ने पक्षी आवास (घोंसले) बनाना सीखा। स्कूल परिसर में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था, फीडर-सकोरे लगाना, पत्तियों से पक्षी चित्र बनाना, 'मेरा पंछी मित्र' पर आर्ट-लेखन तथा घोंसलों की सज्जा जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। योग, शारीरिक जागरण, नृत्य, लोक नृत्य, कहानी लेखन और लीफ आर्ट से कहानी चित्रण ने बच्चों के कौशल को निखारा। समापन समारोह में जन शिक्षक राजकुमार बघेल एकीकृत माध्यमिक शाला नजरपुर में विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने बच्चों के पक्षी आवास, सकोरे और कलात्मक कार्यों की सराहना की तथा ग्रीष्मावकाश में 'ग्रीष्म में पक्षी मित्र' प्रतियोगिता के लिए प्रेरित किया। बच्चे घर-आसपास-पेड़ों पर हस्तनिर्मित आवास व सकोरे बनाकर फोटो व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा करेंगे। नियमित भाग लेने वालों को 15 जून को पुरस्कार मिलेंगे। साथ ही कक्षावार पहाड़े व लेखन टास्क भी दिए गए। उत्सवपूर्ण समापन में विभिन्न स्कूलों में सम्पन्न हुए। जन शिक्षक बघेल ने सभी को ग्रीष्मावकाश में जनगणना क़े साथ व्ही ई आर सर्वे, नामांकन वृद्धि तथा घर-घर पालक संपर्क के लिए धन्यवाद दिया। नजरपुर शाला प्रभारी चेतना राठौर, शिक्षिका ज्योति सरोज व मीना मौर्य को पेन-डायरी भेंट की गई। सभी बच्चों को पेन, पेंसिल, स्केच पेन, ड्राइंग शीट व नोटपैड उपहार दिए गए तथा आइसक्रीम का आनंद भी लिया।



समापन पर शुभकामनाएं देते हुए बघेल जी ने कहा, 'यह कैंप शिक्षा को पर्यावरण व समुदाय से जोड़ने का अनुपम उदाहरण है। बघेल ने बताया कि शिक्षा-पर्यावरण का अनुपम संगम।। डीपीसी डॉ. जायसवाल के इस नवाचार ने न केवल बच्चों में रचनात्मकता जागृत की बल्कि शिक्षा विभाग को एक नई दिशा दी हैं।

## आरटीओ की पहल, 50 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए रेडियम, किसानों को दिए सुरक्षा निर्देश



**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।** कुलामड़ी रोड़ स्थित मां नर्मदा वेयरहाउस में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस दौरान 50 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर निःशुल्क रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। आरटीओ अधिकारी ने किसानों से मुलाकात कर सुरक्षित परिवहन और यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया। अधिकारियों ने बताया कि रात के समय ट्रैक्टर-ट्रॉली कम दिखाई देती हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। रेडियम लगने से वाहन दूर से ही चमकेंगे और हादसों में कमी आएगी। इसके साथ ही मां नर्मदा वेयरहाउस के स्टाफ को निर्देश दिए गए कि सभी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रात्रि के समय वेयरहाउस परिसर में ही खड़ा कराया जाए। सड़क किनारे खड़े वाहन अक्सर दुर्घटना का कारण बनते हैं।

## निस्वार्थ नागरिक सेवा ही रेडक्रॉस की वास्तविक पहचानः कलेक्टर श्री मिश्रा

### » अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मातृशक्ति हुई सम्मानित, घाटों पर 3 सालों से कर रहे साफ सफाई



**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।** रेडक्रॉस सोसायटी के संस्थापक हेनरी ड्यूनॉट के जन्मदिवस के अवसर पर 8 मई को जिले में विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सामाजिक उत्थान एवं नागरिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं एवं व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने रेडक्रॉस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए रेडक्रॉस सोसायटी के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों की सराहना की।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की मातृशक्ति हुई सम्मानित :- अखिल भारतीय कायस्थ समाज को भी घाटों की साफ-सफाई एवं सामाजिक योगदान के लिए मंजू श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि संस्था में सभी सदस्य सेवानिवृत हैं एवं उनके द्वारा निरंतर 3 सालों से घाटों की सफाई के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मंजू श्रीवास्तव ने बताया कि सामाजिक लोग निस्वार्थ से कार्य करते हैं। हमें सरकार से कोई अनुदान नहीं लिया जाता हमारा कोई एनजीओ नहीं है। इसके पूर्व भी कलेक्टर ने समाज के पदाधिकारियों को सम्मानित किया है। नर्मदा घाटों एवं नदी की स्वच्छता के लिए प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाने वाली जय हो समिति को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं भ्रांतियों को दूर करने के उल्लेखनीय कार्य के लिए श्री केशव साहू को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विपिन जैन, गौरव सेठ, उदित द्विवेदी, नीरजा फौजदार एवं डी एस दांगी को भी समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, चेयरमैन जिला रेडक्रॉस अरुण शर्मा, वाइस चेयरमैन डॉ राजेश माहेश्वरी, मुकेश श्रीवास्तव, आशीष शर्मा, डॉ रविंद्र गंगराडे, शेरसिंह बड़कुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## परिवहन अधिकारी ने किसानों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया



**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में संचालित 'सुरक्षित ट्रैक्टर-ट्रॉली, सुरक्षित किसान' अभियान के तहत गुरुवार को कृषि उपज मंडी नर्मदापुरम में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के पीछे रेडियम लगाए गए। इस दौरान आरटीओ प्रमोद कुमार कापसे ने किसानों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने किसानों से कहा कि रात के समय ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम लगे होने से वाहन दूर से दिखाई देते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है। अभियान के दौरान किसानों को सुरक्षित वाहन संचालन एवं सड़क सुरक्षा संबंधी जरूरी जानकारी भी दी गई। इस दौरान परिवहन विभाग से विजय श्रीवास्तव, सुनील शर्मा उपस्थित रहे ।

## पश्चिम बंगाल की जीत संगठन और नेतृत्व की विश्वसनीयता का परिणामःराकेश सिंह




**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।** चुनाव में आए परिणाम अद्भुत हैं और हमें अपने नेतृत्व पर गर्व है, जिनकी लोकप्रियता, जनता में विश्वसनीयता और सशक्त रणनीति के कारण पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में भी भारतीय जनता पार्टी ने भारी बहुमत के साथ सरकार बनाई। उक्त विचार मध्यप्रदेश शासन के मंत्री एवं नर्मदापुरम जिला प्रभारी राकेश सिंह ने शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जिला बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। बैठक को संबोधित करते हुए संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह ने कहा कि संगठन के निर्देशानुसार मंडल से लेकर संभाग स्तर तक तथा शक्ति केंद्र से लेकर बूथ स्तर तक की बैठकें निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना आवश्यक है। जिला प्रभारी अलकेश आर्य ने कहा कि 16 एवं 17 मई को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर गंभीरता से कार्य करना होगा। इसके लिए प्रशिक्षण वर्ग की जिला टोली का गठन कर दायित्वों का विभाजन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने बैठक की प्रस्तावना रखते हुए संगठन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों एवं जिला प्रशिक्षण अभियान की जानकारी दी। जिला मीडिया प्रभारी अमित महाला ने बताया कि बैठक में प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, विधायक सीतासरन शर्मा, प्रेमशंकर वर्मा, विजयपाल सिंह, ठाकुरदास नागवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल सहित जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।